भा.वा.अ.शि.प. - वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट, असम में "कंठस्थ 2.0" विषय पर दिनांक 18 मार्च, 2024 को एक दिवसीय विशेष हिन्दी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

भा.वा.अ.शि.प.-वर्षा वन अनुसंधान संस्थान में ट्रांसलेशन मेमोरी तथा न्यूरल मशीन ट्रांसलेशन पर आधारित मशीन साधित अनुवाद प्रणाली/टूल/सॉफ्टवेयर **"कंठस्थ 2.0"** विषय पर दिनांक 18 मार्च, 2024 को एक दिवसीय हिन्दी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन संस्थान निदेशक डॉ. नितिन कुलकर्णी के मार्गदर्शन और निर्देशन में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन संस्थान निदेशक डॉ. नितिन कुलकर्णी के द्वारा किया गया। उन्होंने हिन्दी कार्यशाला के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि **कंठस्थ 2.0 सॉफ्टवेयर अनुवाद के लिए आत्मनिर्भर भारत "स्थानिय के लिए मुखर" के तहत भारत सरकार द्वारा निर्मित एक स्वदेशी सॉफ्टवेयर है।** उन्होंने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से आह्वान किया कि इस सॉफ्टवेयर का हमें ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करना चाहिए। यह सॉफ्टवेयर भारत सरकार की राजभाषा नीति को गति देने में सहायक सिद्ध हो रही है। उन्होंने हिन्दी प्रकोष्ठ द्वारा किए जा रहे कार्यों के प्रति संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की महत्वपूर्ण विषयों पर कार्यशाला करते रहना चाहिए। कार्यशाला का संचालन करते हुए डॉ. विश्वनाथ शर्मा, वैज्ञानिक-सी एवं हिन्दी नोडल अधिकारी, हिन्दी प्रकोष्ठ, भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट ने कंठस्थ 2.0 संस्करण का संक्षिप्त परिचय दिया। कार्यशाला में विषय-विशेषज्ञ के रूप में श्री शंकर शॉ, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट ने सभी कर्मचारियों को मशीनी अनुवाद की परिभाषा व प्रकार, कंठस्थ 2.0 सॉफ्टवेयर तथा मोबाइल एप का परिचय, पंजीकरण, प्रमुख विशेषताएं एवं कार्यप्रणाली आदि से संबंधित सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों प्रकार की जानकारियाँ दी। उन्होंने कंठस्थ 2.0 टूल पर सभी कर्मचारियों का एक-एक कर पंजीकरण करवाया। सभी कर्मचारियों के पंजीकरण के पश्चात् उनके सरकारी कामकाज से संबंधित सॉफ्ट कॉपी फाइलों को लेकर "कंठस्थ 2.0" पर अनुवाद करने की प्रक्रिया से उन्हें अवगत कराया गया। कार्यशाला में संस्थान के विभिन्न प्रभागों/अनुभागों से चयनित 10 अधिकारियों/कर्मचारियों ने सहभागिता किया। कंठस्थ 2.0 सॉफ्टवेयर पर व्यावहारिक प्रशिक्षण देने के पश्चात् कार्यशाला का समापन किया गया।

कार्यक्रम की कुछ झलकियाँ...

डॉ. नितिन कुलकर्णी, निदेशक, भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए

संस्थान के निदेशक डॉ. नितिन कुलकर्णी के कर-कमलों द्वारा प्रमाणपत्र ग्रहण करते हुए हिन्दी टंकण पत्राचार पाठ्यक्रम (वर्ष-2023) के उत्तीर्ण कर्मचारीगण

श्री शंकर शॉ, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट, असम कंठस्थ 2.0 विषय पर व्याख्यान देते हुए

****